महिला उत्पीड़न के मामले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना देते हुए।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### ई–लोक अदालत का आयोजन 12 को

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के तत्वावधान में मा. उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति नैनीताल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून द्वारा 12 सितम्बर (द्वितीय शनिवार) को प्रातः 10 बजे से सांय 04 बजे तक समस्त न्यायालय जिला मुख्यालय, वाह्य न्यायालयों विकासनगर /ऋषिकेश/ डोईवाला/ चकराता में ई–लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न प्रकृति के वादों का निस्तारण सुलह–समझौते के आधार पर किया जायेगा। उन्होंने बताया कि ई–लोक अदालत में सुलह–समझौते से निस्तारण हेतु 500 से अधिक आवेदन फरियादियों द्वारा प्रस्तुत किये गये हैं।

### राज्य सरकार ने सरकारी कर्मचारियों की समस्याओं को सुना

**संवाददाता** देहरादून। पिछले लंबे समय से सार्वजनिक उद्यमों, निगमों और ऑटोनॉमस संस्थाओं में लंबे समय से पदोन्नतिया नहीं हो रही थी जिसके बाद कर्मचारियों में खासी नाराजगी देखी जा रही थी इसको लेकर कर्मचारी संगठन ने कई बार सरकार को अपनी इस समस्या के बारे में जानकारी दी गई जिसके बाद राज्य सरकार ने कोविड–19 के दौरान सभी सरकारी कर्मचारियों की समस्याओं को सुना और निर्देश दिए कि जल्द से जल्द जिन विभागों में पद नित्या लंबे समय से रुकी हुई है उनमें पदोन्नति की जाए।

### सड़कों के निर्माण व क्षतिग्रस्त सड़कों के मरम्मत की मांग

**संवाददाता** देहरादून। सड़कों के निर्माण व क्षतिग्रस्त सड़कों के मरम्मत की मांग को लेकर वार्ड संख्या तीन के सभासद विजय बक्शी ने नगर पालिका अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि नगरपालिका का विसतार होने के बाद जो ग्रामीण क्षेत्र नगरपालिया से जुडे है जहां पर सडकों की अति आवश्यकता है और सडकों का काम वहां पर किये जा रहे है जहां पर सड़के पूरी तरह से सही है।

### फोनपे बनाएगा भारत के 5500 तालुकाओं के 25 मिलियन छोटे व्यापारियों को डिजिटल

**संवाददाता** देहरादून। फोन पे, भारत के प्रमुख डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म ने आज घोषणा की कि यह अगले एक वर्ष में पूरे भारत के 25 मिलियन से अधिक छोटे व्यापारियों के लिए डिजिटल भुगतान को सक्षम करेगा। कंपनी इन किरानाओं को अपने फोनपे फॉर बिजनेस ऐप के लिए पर भी डाल देगी, जिससे उन्हें भुगतान प्रक्रिया का शुरू से अंत तक नियंत्रण मिलेगा, जिस में तत्काल भुगतान की पुष्टि, रसीद और निपटान शामिल हैं। इस की मर्चेंट टीम के माध्यम से 5,500 तालुका तक पहुंचने की योजना है।

## नगर निगम में फिर से एक कर्मचारी कोरोना पॉजिटिव

**संवाददाता** देहरादून। नगर निगम में एक बार फिर से एक कर्मचारी को कोरोना पॉजिटिव संक्रमण पाया गया और उसके बाद नगर निगम को एक दिन के लिए बंद कर दिया गया और एक बार फिर से दून की सभी प्रकार की व्यवस्थाओं को देखने वाला देहरादून नगर निगम के कार्यालय में दो पखवाडे भर में कोरोना वायरस का तीसरा मामला प्रकाश में आया है। बताया गया कि नगर निगम का एक कर्मचारी को कोरोना पॉजिटिव पाया गया है जिसके बाद नगर निगम को एक दिन के लिए बंद करने की तैयारी कर ली गई है और प्रवेश द्वार को बंद कर दिया गया है। यहां दून के नगर निगम में एक कर्मचारी को कोरोना पॉजिटिव पाया गया है और अभी उनसे संपर्क करने वालों की सूची तैयार की जा रही है ओर कहा जा रहा है कि जो संपर्क में आये उन्हें आईसोलेशन किया जायेगा। वहीं नगर निगम में सैनिटाइजेशन का कार्य भी किया जा रहा है। नगर निगम के नगर निगम के नगर आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने कर्मचारी के पॉजिटिव आने की पुष्टि की है।

# भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक टली, कई बड़े नेताओं ने होना था शामिल

**बैठक**

- बैठक का उद्घाटन भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री राम माधव को करना था
- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत के अस्वस्थ होने के कारण टली बैठक
- प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत को वर्चुअल माध्यम से इसमें भाग लेना था




**संवाददाता**

देहरादून। कोरोना का साया भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की सोमवार को होने वाली बैठक पर भी पड़ा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत के अस्वस्थ होने के कारण यह बैठक टाल दी गई है। भगत दो दिन पहले कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे और देहरादून के दून अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है। प्रदेश भाजपा की बागडोर संभालने के बाद भगत के कार्यकाल की पहली कार्यसमिति की बैठक के लिए 31 अगस्त की तिथि तय की गई थी।

सुरक्षित शारीरिक दूरी और वर्चुअल दोनों के समावेश के साथ होने वाली इस बैठक का उद्घाटन भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री राम माधव को करना था। माधव के अलावा पार्टी के राष्ट्रीय सह महामंत्री संगठन शिव प्रकाश, प्रदेश प्रभारी श्याम जाजू, केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत को वर्चुअल माध्यम से इसमें भाग लेना था, जबकि मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को बैठक स्थल पर उपस्थित रहना था।

पार्टी ने कार्यसमिति की बैठक के लिए तैयारियों को अंतिम रूप देने के साथ ही जिम्मेदारियां तय कर दी थीं। सहारनपुर रोड स्थित एक होटल में निर्धारित किए बैठक स्थल पर 50 प्रतिनिधियों के बैठने की व्यवस्था होनी थी। इस बीच देर शाम को पार्टी ने प्रदेश कार्यसमिति की बैठक स्थगित कर दी।

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र भसीन ने बताया कि प्रदेश कार्यसमिति की बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष करते हैं, लेकिन वह अस्वस्थ चल रहे हैं। अब प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत के स्वस्थ होने के बाद ही प्रदेश कार्यसमिति की बैठक की तिथि तय की जाएगी।

**कार्यसमिति की घोषणा भी लटकी**

भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक से एक दिन पहले रविवार को कार्यसमिति के सदस्यों के नाम की भी घोषणा होनी थी। पार्टी का प्रदेश नेतृत्व इसके लिए नाम फाइनल कर चुका है, लेकिन कार्यसमिति की बैठक टलने के साथ ही कार्यसमिति की घोषणा का इरादा भी टाल दिया गया।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री कुलदीप कुमार के अनुसार अब 31 अगस्त अथवा एक सितंबर को प्रदेश कार्यसमिति घोषित की जा सकती है। इस बारे में विचार चल रहा है। यह भी संभव है कि 15 सितंबर के बाद कार्यसमिति घोषित की जाए।

# किसानों को मुआवजा तक नहीं दे पा रही है सरकार

**आरोप**

- सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर कांग्रेसी धरने व उपवास पर रहे

**किसानों को गन्ने का भुगतान नहीं किया जा रहा हैः रावत**

> अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा है कि प्रदेश की सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह से गंभीर नहीं है और किसानों को गन्ने का भुगतान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार किसानों की समस्याओं को उठाने का काम कर रही है लेकिन प्रदश की सरकार पूरी तरह से उनकी मांगों को अनदेखा कर रही है।

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तराखण्ड प्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी के आहवान पर पूरे उत्तराखंड प्रदेश में किसानों की समस्याओं के निदान के लिए कांग्रेस मुख्यालय पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर कांग्रेसी धरने व उपवास पर रहे। आज कांग्रेस भवन में प्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी के आहवान पर कांग्रेसजन प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में इकटठा हुए और वहां पर किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए धरना प्रदर्शन कर उपवास पर रहे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष व विधायक प्रीतम सिंह ने कहा है कि कांग्रेस लगातार किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए सदन से लेकर सड़क तक संघर्षरत है लेकिन प्रदेश की सरकार इस ओर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं कर पा रही है और बेमौसम की बारिश से किसानों की फसलें बर्बाद हो गई है और सरकार उन्हें मुआवजा तक नहीं दे पा रही है। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा है कि किसानों कर्जा आज तक माफ नहीं किया गया है और बेरोजगारों को रोजगार नहीं दिया जा रहा है।

पूर्व अध्यक्ष किशोर उपाध्याय ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय किसानों की समस्याओं के निदान के लिए अनेक कल्याणकारी कार्य किये गये और आज किसानों की समस्याओं को सुना नहीं जा रहा है लगातार उनकी उपेक्षा की जा रही है, किसानों का कर्जा माफ नहीं गया जा रहा है।

इस अवसर पर प्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व पूर्व दायित्वधारी सुशील राठी ने कहा कि किसानों के गन्ने का भुगतान शीघ्र किया जाए , किसानों का कर्जा माफ किया जाए, पहाड़ी जिलों के किसानों को हिल अलाउंस दिया जाए, यूरिया खाद उपलब्ध कराया जाए। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार, महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा, सरोजनी कैन्तुरा, गरिमा दसौनी, नवीन सहित अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया।

## बड़ोवाला में सुरक्षा चोकी की नींव रखी गई

**संवाददाता** देहरादून। राजाजी टाईगर रिजर्व रामगढ़ के वन क्षेत्र में पड़ने वाले क्षेत्र बड़ोवाला में सुरक्षा चोकी की नींव रखी गई। राजा जी टाईगर रिजर्व पार्क की रामगढ़ रेंज के वन क्षेत्राधिकारी आन सिंह कांदली ने यह नींव रखी और उन्होंने कहा कि इस सुरक्षा चौकी के खुलने से अब पार्क के जंगल के साथ ही वन्य जीवों की सुरक्षा के साथ ही अवैध रूप से जंगल में घुसने वाले अराजक तत्वों पर जहां रोक लगेगी तो वहीं वन्य जीवों का आवादी में प्रवेश रोकने में यह पार्क सुरक्षा चौकी कारगर साबित होगी। राजा जी टाईगर रिजर्व पार्क की रामगढ़ रेंज के वन क्षेत्राधिकारी आन सिंह कांदली ने बड़ोवाला पार्क सुरक्षा चौकी की नींव रखी और कहा कि अब नदी पार के इस क्षेत्र में भी पार्क प्रशासन की नजर रहेगी। इस अवसर पर बड़ोवाला के सामाजिक कार्यकर्ता धर्मेन्द्र ममगाई के साथ तमाम पार्क कर्मी मौजूद थे।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।